तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 14. 0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, गुरुवार, 22 जनवरी 2026
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

2 बदहाली के दौर से गुजर रहे जिले के अधिकांश तालाब



## खबर संक्षेप

### कलेक्टर-पुलिस अधीक्षक ने गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियों का लिया जायजा

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर जन्मेजय महोबे एवं पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय ने गणतंत्र दिवस के अवसर पर शासकीय हाई स्कूल मैदान जांजगीर में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय समारोह की तैयारियों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने इस दौरान अधिकारियों को सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्य मंच की सजावट, ध्वजारोहण, हर्षफायर, परेड रिहर्सल, सांस्कृतिक कार्यक्रम, बैठक व्यवस्था, बैरिकेडिंग, पार्किंग व्यवस्था, विद्युत, पेयजल, साउंड सिस्टम, सांस्कृतिक कार्यक्रम, झांकी सहित अन्य आवश्यक तैयारियों के संबंध में निर्देशित किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर ज्ञानेंद्र सिंह ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप, संयुक्त कलेक्टर संदीप सिंह ठाकुर, एसडीएम सुब्रत प्रधान सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय बालिका दिवस पर विविध कार्यक्रमों का होगा आयोजन

**जांजगीर-चांपा।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बालिका दिवस के अवसर पर 24 जनवरी को सुबह 11 बजे जिला ऑडिटोरियम जांजगीर में विविध कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में जिले के हाई स्कूल, हायर सेकेण्डरी में वर्ष 2024-25 में प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं व वर्ष 2025-26 में राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता हेतु चयनित बालिकाओं तथा भारत स्काउट एवं गाइड्स छ.ग. अंतर्गत राज्यपाल, राष्ट्रपति गाइड के लिये चयनित बालिकाओं एवं सेल्फी-विथ-डॉटर के सर्वश्रेष्ठ फोटो (सेल्फी) पोस्ट करने वाले प्रथम, द्वितीय और तृतीय प्रतिभागियों को सम्मान किया जाएगा।

### जीनियस पब्लिक स्कूल में वार्षिक उत्सव आज

**बिर्रा।** विकासखंड बम्हनीडीह के अंतर्गत जीनियस पब्लिक इंग्लिश मीडियम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिर्रा में वार्षिक उत्सव कार्यक्रम का आयोजन 22 जनवरी को सुबह 9 बजे से रखा गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रितेश रमन सिंह जनपद सदस्य एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता पीली बाई एकादशीया साहू सरपंच ग्राम बिर्रा करेंगी। विशिष्ट अतिथि एसके तिवारी सेवानिवृत शिक्षक, गीता प्रसाद तिवारी भागवत आचार्य, रामकिशोर देवांगन संकुल समन्वयक संकुल केंद्र बिर्रा,लखन लाल कश्यप संकुल समन्वयक संकुल केंद्र डीडीएस बिर्रा, कविता राजेंद्र आजाद जनपद सदस्य, श्याम लाल जांगड़े जनपद सदस्य, जय कुमार साहू थाना प्रभारी बिर्रा , डी एन देवांगन आदि होंगे।

### धोखाधड़ी के मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**बाराद्वार।** बाराद्वार पुलिस ने नौकरी लगाने के नाम पर धोखाधडी करने के मामले में दो सालों से फरार इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार थाना सिविल लाईन बिलासपुर के अपराध क्रमांक 1211/2024, 1212/2024, 1213/2024, 1214/2024 धारा 318(4), 338, 336(3), 340(2), 61(2), 111 बीएनएस के विगत 2 वर्षों से से फरार शातिर आरोपी ईश्वर चौहान पिता इन्दल चैहान उम्र 35 वर्ष निवासी आमापाली थाना बाराद्वार जिला सक्ती का रहने वाला है। जिसके फरार होकर सक्ती की ओर आने की सूचना पर पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल कुमार ठाकुर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बाराद्वार नरेन्द्र यादव के नेतृत्व में त्वरित टीम गठित फरार आरोपी की पतासाजी एवं धरपकड़ हेतु रवाना हुए। पुलिस ने बताया कि घेराबंदी कर आरोपी ईश्वर चैहान पिता इन्दल चौहान को पकड़ा गया। पुलिस ने बताया कि बिलासपुर पुलिस अधीक्षक ने उस पर इनाम की घोषणा भी की थी।

---

जिले को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने वाले आयोजन का घट रहा स्तर

# महज औपचारिक ना हो जाए जाज्वल्य देव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



फाईल फोटो–

कृषि प्रधान जांजगीर चांपा जिले को राज्य ही नहीं बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने वाले जाज्वल्य देव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला पर उपेक्षा का ग्रहण लगने लगा है। पिछले कुछ सालों से इस आयोजन के नाम पर महज औपचारिकता निभाई जाने लगी है, तो वहीं पिछले साल इस आयोजन को ही भुला दिया गया। अबकी बार इसकी तैयारी को लेकर जो रवैया अपनाया जा रहा है। उसके शुरूआत से ही आमजन से दूरी बनते दिख रही है।

गौरतलब है कि अविभाजित मध्यप्रदेश शासनकाल से शुरू हुए एग्रीटेक कृषि मेला को छत्तीसगढ राज्य बनने के बाद जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव के साथ एक नई पहचान मिली। इस कार्यक्रम की खासियत रही कि इसमें हर वर्ग का जुड़ाव रहा। आयोजन का शुभारंभ महामहिम राज्यपाल और समापन प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री के हाथों कराए जाने की परंपरा रही है। इतना ही नहीं पूर्व में 7 फिर 5 दिवसीय इस आयोजन का अपना अलग ही महत्व रहा है। जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव के समृद्ध मंच में बालीवुड के एक से एक ख्यातिब्ध कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी है, तो वहीं अंतिम दिवस होने वाले अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में देश के जाने माने कवियों ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत की है। तकरीबन ढाई दशक से हो रहे इस आयोजन में राष्ट्रीय स्तर के कृषि वैज्ञानिकों ने शिरकत किया है और कृषि उपकरणों की जीवंत प्रदर्शनी के साथ वैज्ञानिकों के साथ कृषक संगोष्ठी का भी लाभ किसानों और संबंधितों ने लिया, परंतु पिछले कुछ सालों से यह ऐतिहासिक आयोजन महज औपचारिक होते जा रहा है। आयोजन की अवधि तीन दिवस कर दी गई तो विगत वर्ष चुनाव का बहाना करके इसे टाल दिया गया। इसके अलावा आयोजन को औपचारिक बनाने आयोजन समिति में भी जिले के साहित्यकारों, वरिष्ठ नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और इस आयोजन के आधार स्तंभ माने जाने वाले जिम्मेदारों को किनारे करके इसे पूरी तरह से अफसरी जामा पहना दिया गया। वर्तमान में भी इस आयोजन को लेकर अफसरों की बैठक हुई। जिसमें तीन दिनों का कार्यक्रम अपने स्तर पर तय कर लिया गया। खास बात यह है कि इसको लेकर बुधवार 21 जनवरी को जनप्रतिनिधियों और पत्रकारों की बैठक बुलाई गई। जिसमें औपचारिक जानकारी दी गई। बैठक में विधायक के साथ उपस्थितजनों ने आयोजन को चार दिनों का करने और पूर्व की भांति महामहिम राज्यपाल व सीएम को बुलाने के साथ नामचीन कलाकारों के कार्यक्रम आयोजित करने के सुझाव दिए। जिस पर विचार करने की बात कहते हुए टाल दिया गया।

#### गरिमापूर्ण होगा आयोजन

जाज्वल्वदेव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला का आयोजन गरिमामय तरीके से होगा। आयोजन समिति में सभी वर्गो को जोड़ने के साथ स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, ताकि महोत्सव की लोकप्रियता और आयोजन की गरिमा बनी रहे। इस संबंध में अधिकारियों से आवश्यक चर्चा भी करेंगे।

-सत्यलता मिरी,
अध्यक्ष
जिला पंचायत जांजगीर चांपा

#### अफसरशाही की भेंट चढ़ रहा आयोजन

जाज्वल्यदेव लोक महोत्सव एवं एग्रीटेक कृषि मेला एक तरह से अफसरशाही की भेंट चढ़ गया है। पहले यहां आयोजन समिति में सभी वर्गो की सहभागिता होती थी। इस दौरान आयोजन को लेकर तिथि निर्धारण और कार्यक्रम की रूपरेखा बनाने तक का पूरा काम समिति की बैठक में तय होता था, लेकिन पिछले कुछ सालों से आयोजन समिति में आम लोगों की सहभागिता नहीं हो रही है। ऐसे में सांस्कृतिक कार्यक्रम जहां औपचारिक हो गया है तो कृषक कार्यक्रम भी औपचारिक ही रहता है। इतना ही नहीं जाज्वल्यदेव स्मारिका में भी त्रुटियों की भरमार देखने को मिलती है।

#### सबकी सहभागिता होनी चाहिए

लोक महोत्सव एवं कृषि मेला जिले की पहचान है। 25 से अधिक सालों से हो रहा यह महोत्सव आम लोगों की भावनाओं से जुड़ा है, लेकिन पिछले कुछ सालों से इसमें आमजन, जनप्रतिनिधियों व किसानों से दूरी बन रही है। इस बार महोत्सव में सभी वर्गो की सहभागिता सुनिश्चित करके पूर्व वर्षो की भांति गरिमामय कार्यक्रम कराने तथा आयोजन को पांच या फिर चार दिन कराने कहा गया पर आयोजन तीन दिन का ही हो रहा है, अब सबकी सहभागिता सुनिश्चित करने कहा गया है।

-ब्यास कश्यप
विधायक
जांजगीर-चांपा

---

# बिजली बकायादारों पर कार्रवाई, काटे गए 108 उपभोक्ताओं के कनेक्शन

## नैला एवं चाम्पा जोन में संयुक्त टीम ने चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा


कनेक्शन काटने की कार्रवाई करता अमला।

बिजली बकायादारों पर कार्यवाही को लेकर विद्युत विभाग का अमला एक्शन मोड पर है। इसी के तहत नैला एवं चाम्पा जोन मे अभियान चलाकर 108 विद्युत उपभोक्ताओ के कनेक्शन काटे गए है। इन उपभोक्ताओ पर करीब 16 लाख 9 हजार से अधिक का बिजली बिल बकाया है। इस कार्यवाही से बकायादारो में हडकंप मच गया है।

गौरतलब है कि विद्युत बकायादारो से बिजली बिल की वसुली करने को लेकर कार्यवाही करने के साथ विद्युत कनेक्शन भी काटे जा रहे है, ताकि बकायादार बिजली का बिल जमा करे। इसी के तहत बुधवार 21 जनवरी को जांजगीर शहर के नैला एवं चाम्पा जोन में अभियान चलाया गया। जिसके तहत विभाग की संयुक्त टीम के द्वारा कार्यवाही करते हुए 108 विद्युत उपभोक्ताओ के विद्युत कनेक्शन काटने की कार्यवाही की गई। इन उपभोक्ताओ से करीब 16 लाख 9 हजार से अधिक की वसुली की जानी है। शहरी क्षेत्रो में कई ऐसे विद्युत के उपभोक्ता शामिल है, जो बिजली का उपयोग करके अपने घरो में एयर कंडीशनर, फ्रीज, कुलर, पंखा, टीवी सहFत बिजली से संचालित उपकरणो का उपयोग तो कर रहे है, लेकिन बिजली का बिल जमा करने को लेकर ध्यान तक नही दे रहे है। जिसके तहत उक्त कार्यवाही की गई है। इधर चाम्पा एवं नैला विद्युत जोन में बिजली बकायादारो पर हुई कार्यवाही के चलते बकायादारो में हडकंप मचा हुआ है। जिसके कारण करीब 99 विद्युत उपभोक्ताओ ने 32 लाख रूपऐ का बकाया बिजली बिल जमा किया। इसके पूर्व भी बिजली विभाग की संयुक्त टीम के द्वारा अभियान चलाकर चाम्पा, अकलतरा, बलौदा, शिवरीनारायण, नवागढ सहीत सक्ती जिले के जैजैपुर क्षेत्र में कार्यवाही करते हुए बकायादारो के विद्युत कनेक्शन काटने की कार्यवाही की गई थी। विद्युत वितरण कंपनी के द्वारा बकायादारो पर कार्यवाही को लेकर 16 टीमो का गठन किया गया है। बताया गया कि बिजली का बिल जमा नही करने वाले उपभोक्ताओ पर इसी तरह की कार्यवाही आने वाले दिनो में बडे पैमाने पर की जाएगी, ताकि बिजली का बिल वसूल किया जा सके।

#### काटे जा रहे कनेक्शन

बिजली बिल बकायादारो से वसुली को लेकर अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत 108 बकायादारो के विदयुत कनेक्शन काटे गए है। इस तरह की कार्यवाही आगे भी जारी रहेगी।

-अमर चौधरी,
अधीक्षण यंत्री, विद्युत वितरण कंपनी
जांजगीर चांपा

---

# गांजा की बिक्री एवं परिवहन मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

■ पूर्व में अपचारी बालक समेत 3 आरोपी जा चुके है जेल

गांजा के अवैध रूप से बिक्री एवं परिवहन मामले में फरार आरोपी को महासमुंद से गिरफ्तार किया गया है। मामला शिवरीनारायण थाना का है।

इस संबंध में शिवरीनारायण पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 21 जनवरी 4 जनवरी को मुखबिर के माध्यम से सूचना मिली कि शिवरीनारायण क्षेत्र में अवैध रूप से गांजा की बिक्री एवं परिवहन किया जा रहा है। इसी के तहत महासमुंद जिले के विमल कुमार पिता छत्रपति उम्र 23 वर्ष द्वारा भी 15 किलो गांजा का भंडारण एवं परिवहन किया गया था। इस मामले में पूर्व में तीन आरोपियों को गिरफ्तारी की जा चुकी है। वहीं विमल कुमार को गिरफ्तार किया गया। पुछताछ करने पर आरोपी ने बताया कि 4 जनवरी को परिचित के पुलिस वाला चंद्रशेखर साहू को कंटामाल थाना लाईसिंघा जिला बलांगीर उड़ीसा बुलाकर आयुष के मोबाईल मे बातकर गांजा मंगाया तब आयुष द्वारा एक थैला सिगनेचर पान मसाला लिखा हुआ में 7 पैकेट एवं 8 पैकेट के अलग-अलग भरा हुआ कुल 15 पैकेट मादक पदार्थ गांजा वजन लगभग 15 कि.ग्रा. को लेकर कंटामाल थाना लाईसिंघा आया जो उक्त गांजा को चंद्रशेखर साहू को देकर फोन पे के माध्यम से पैसा लेना बताया गया एवं आरोपी विमल कुमार के कब्जे से एक मोबाईल जप्त किया जाकर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। मामले मे पूर्व मे आरोपी चंद्रशेखर साहू साकिन सलखण्ड थाना बसना व अखिल कुमार जायसवाल एवं अपचारी बालक को गिरफ्तार किया जा चुका है।

### रेत के अवैध परिवहन एवं उत्खनन को लेकर टीम गठित करने भेजा प्रतिवेदन

**जांजगीर-चांपा।** अवैध रेत उत्खनन के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही के लिए संयुक्त टीम गठित करने के संबंध में अवैध रेत उत्खनन, माफिया के विरुद्ध की जावेगी। बिर्रा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम करही महानदी रेत घाट क्षेत्र में हो रहे अवैध रेत उत्खनन, भण्डारण एवं परिवहन की गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा जिला कलेक्टर सक्ती को विस्तृत प्रतिवेदन प्रेषित किया गया है। उल्लेखनीय है कि ग्राम करही महानदी रेत घाट राजस्व जिला सक्ती के अंतर्गत आता है, जबकि संबंधित ग्राम करही थाना बिर्रा, जिला जांजगीर -चांपा के क्षेत्राधिकार में स्थित है। महानदी का यह घाट दो अलग-अलग जिलों की सीमा में होने के कारण अवैध रेत उत्खनन, भण्डारण एवं परिवहन की घटनाएँ सामने आ रही हैं। अवैध रेत उत्खनन की रोकथाम एवं दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संयुक्त टीम के गठन हेतु यह विस्तृत प्रतिवेदन जिला कलेक्टर सक्ती को भेजा गया है, ताकि समन्वित एवं प्रभावी कार्यवाही की जा सके। बताया जाता है कि दो जिलों की सीमा होने के चलते ग्राम करही में रेत का अवैध उत्खनन हो रहा है।

# 20 लाख की लूट मामले में फरार आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा


पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

कैश कलेक्शन की राशि लेकर आ रहे सुपरवाईजर से 20 लाख की लूट मामले में फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामला चांपा थाना क्षेत्र के ग्राम कोसमंदा का है।

चांपा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार चांपा निवासी प्रार्थी हरीश देवांगन द्वारा थाना चाम्पा में रिपोर्ट दर्ज कराया था कि यह मेसर्स अरविंद इंडस्ट्रीज चाम्पा में विगत 4-5 सालों से सुपरवाईजर का काम करता है तथा कैश कलेक्शन के लिए अलग - अलग जगह जाता रहता है। 9 जनवरी को सुबह 10.30 बजे हरीश देवांगन कंपनी का राशि कलेक्शन के लिए मोटर सायकल से सक्ती के लिए निकला था जो सक्ती से विष्णु पेट्रोल पंप के मालिक आंनद अग्रवाल से नगदी 15 लाख 66 हजार 2 सौ रुपए एवं ठठारी से बंशीधर हार्डवेयर के मालिक कैलाश कुमार देवांगन से नगदी 4 लाख 52 हजार 5 सौ कुल 20 लाख 18 हजार 7 सौ रुपए को एकत्र कर वापस चाम्पा की ओर आ रहा था, जो रास्ते में दोपहर करीबन 3.30 बजे ग्राम कोसमंदा मेन रोड तालाब के पास पहुंचा था। उसी समय काले रंग की कार जिसका नं सीजी 11 बीएन 13 दिख रहा था। आखिरी दो नंबर पर कागज चिपका हुआ था। उसी कार में सवार व्यक्तियों ने हरीश के आंख पर मिर्ची पावडर जैसा कोई पदार्थ फेंक दिये। इसी समय तीन व्यक्ति कार से उतर कर इसके बैग को छिन रहें थे तब यह शोर मचाने लगा और छिनने से मना करने लगा तब तीनो व्यक्तियों के द्वारा हरीश को जबरन पकड़कर कार के अंदर बैठा दियें और उसके मोबाईल को छीन लियें उसके बाद कार में बैठाकर डरा धमका कर मारपीट करते हुए रात्रि करीबन 9 बजे मैनपाट सेल्फी पाइंट के पास ले जाकर हरीश को धक्का देकर गिरा दिये। घटना की सूचना आफिस में देने पर चाम्पा के पुलिस स्टाफ आयें जो हरीश को लेकर मैनपाट गये जहां पुलिस वाले को घटना के बारे में बताकर आरोपियों द्वारा धक्का दिया था उस स्थान को बताया गया। पुलिस टीम द्वारा सीसीटीवी की जांच की गई। इस दौरान चार आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। वहीं मामले में फरार आरोपी बिरगहनी निवासी सुनील कुमार कुर्रे पिता गोरेलाल कुर्रे को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# कलेक्टर ने प्रभारी पुटीडीह के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने दिया आदेश

**सक्ती।** कलेक्टर अमृत विकास तोपनो के निर्देश धान उपार्जन केंद्र पुटीडीह में गंभीर अनियमितता पाए जाने के बाद वहां के धान खरीदी प्रभारी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने के आदेश दिए गए हैं।

प्रशासन द्वारा गठित जांच दल की विस्तृत जांच प्रतिवेदन में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि धान खरीदी प्रभारी प्रकाश महंत द्वारा धान खरीदी नीति 2025–26 का घोर उल्लंघन करते हुए केंद्र के धान स्टॉक में 9426 बोरी धान की गंभीर कमी की गई है। यह कमी कुल 3770.40 क्विंटल धान की है, जिसकी बाजार कीमत 89 लाख 32 हजार सतहत्तर रुपये साठ पैसे आंकी गई है। जांच में यह भी सामने आया कि खरीदी प्रभारी द्वारा कर्तव्य निर्वहन में घोर लापरवाही, नियमों की अवहेलना और गंभीर अनियमितता की गई है। इन तथ्यों के आधार पर कलेक्टर के निर्देशानुसार संबंधित के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज कराए जाने का आदेश दिए गए है। जिला प्रशासन ने साफ कर दिया है कि धान खरीदी में गड़बड़ी करने वालों के लिए अब कोई राहत नहीं, केवल कार्यवाही होगी।

### नवधा रामायण आज से

**बिर्रा।** ग्राम पंचायत किकिरदा के बजरंग चौक के पास अभय सिंह चंद्रा घर के सामने में अखंड नवधा रामायण महायज्ञ का आयोजन 22 जनवरी दिन गुरुवार को शुभारंभ किया जाएगा। समिति के कोषाध्यक्ष कुशत राम चंद्रा ने बताया कि अखंड नवधा रामायण का आयोजन 22 जनवरी से रखा गया है। व्यास आचार्य पंडित विजय कुमार शर्मा होंगे।

---

मंडी, राजस्व एवं खाद्य विभाग के अफसरों ने दी दबिश, मचा हड़कंप

# अवैध भंडारण पर कार्रवाई, 350 बोरी धान की बनाई गई जब्ती

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा


जब्त धान के साथ अफसरों की टीम।

धान के अवैध भंडारण पर कार्रवाई करते हुए संयुक्त टीम ने 375 बोरी धान की जब्ती बनाई है। इस कार्रवाई से इस तरह के अवैध कार्य में लगे धान बिचौलियों में हडकंप मचा हुआ है।

ज्ञात हो कि कलेक्टर जन्मेजय महोबे के निर्देशन में अवैध धान भंडारण एवं परिवहन की सूचना पर खाद्य, राजस्व एवं मंडी विभाग की संयुक्त टीम द्वारा छापामार कार्रवाई की गई। जिला खाद्य अधिकारी कौशल साहू ने बताया कि कार्रवाई के दौरान ग्राम बिरगहनी च निवासी राधेश्याम कुर्रे के घर के बाहर रखे 150 बोरी धान पाए गए। मौके पर धान से संबंधित कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया जा सका। उक्त 150 बोरी धान को जब्त किया गया। इसी क्रम में जावलपुर–रसौटा मार्ग पर संदिग्ध स्थिति में खड़े वाहन क्रमांक सीजी 04 एमक्यू 4400 को रोका गया, जिसमें तिरपाल से ढका हुआ धान लोड पाया गया। वाहन चालक से पूछताछ करने पर बताया गया कि वाहन में ग्राम जर्वे से 225 बोरी धान लोड किया गया है। कुल मिलाकर 375 बोरी अवैध धान जब्त किया गया।

#### आधी रात को कलेक्टर ने 150 कट्टी धान से भरे वाहन को किया जब्त

**सक्ती।** कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने धान खरीदी केंद्रों का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और मौके पर मौजूद अधिकारियों-कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिले में अवैध धान खरीदी और परिवहन पर कड़ी नजर रखते हुए प्रशासन को बड़ी सफलताए लगातार मिल रही है। कलेक्टर एवं जांच दल द्वारा बरपालीकला के निकट कोरबा रोड पर अवैध रूप से धान का परिवहन करते हुए 150 कट्टी धान से भरा एक माजदा वाहन क्रमांक सीजी 12 बीजे 8934 को जप्त किया गया। विगत दिवस रात्रि के समय ग्राम चिकनीपाली तहसील बरपाली जिला कोरबा निवासी संतोष कुमार पिता श्री दिलशाय साहू द्वारा वाहन क्रमांक सीजी 12 बीजे 8934 में 150 बोरी अवैध धान वजन लगभग 60 क्विंटल नगरदा से कोरबा की ओर अवैध रूप से परिवहन किया जा रहा था। उक्त वाहन को जाता देख कलेक्टर श्री तोपनो की उपस्थिति में जांच दल द्वारा गाड़ी और दस्तावेज की जांच की गई। संबंधित द्वारा आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नहीं पाए जाने पर, उक्त वाहन को तत्काल नगरदा थाना में सुपुर्द करते हुए आगे की वैधानिक कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई। जिले में लगातार हो रही सघन जांच, औचक निरीक्षण और त्वरित कार्यवाही से कोचियों, बिचौलियों एवं अवैध गतिविधियों में संलिप्त लोगों में हड़कंप मचा हुआ है।

# धान खरीदी में अनियमितता धुरकोट केन्द्र प्रभारी सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

समर्थन मूल्य पर की जा रही धान खरीदी कार्य में अनियमितता और व्याप्त अव्यवस्था को लेकर सेवा सहकारी समिति धुरकोट के प्रभारी संस्था प्रबंधक एवं धान खरीदी केन्द्र प्रभारी को निलंबित कर दिया गया है। दरअसल अफसरों के निरीक्षण के दौरान धान खरीदी कार्य में भारी गड़बड़ी मिली थी।

इस संबंध में विभाग से मिली जानकारी के अनुसार सेवा सहकारी समिति धुरकोट पंजीयन क्रमांक 597 के प्राधिकृत अधिकारी रामेश्वर लाल कश्यप के हस्ताक्षर से बुधवार 21 जनवरी को जारी आदेश में संस्था प्रबंधक एवं धान खरीदी प्रभारी धुरकोट नागेन्द्र प्रताप सिंह को कर्मचारी सेवा नियम 2018 की कंडिका क्रमांक 17 के तहत निलंबित किया गया है। जारी पत्र में कहा गया है कि धान उपार्जन केन्द्र धुरकोट में अवैध धान खरीदी का प्रयास, नियम विरूद्ध अपने पुत्र एवं रिश्तेदार को केन्द्र में रखे जाने, किसानों को ऋण वितरण किए जाने की संभावना जिससे समिति को आर्थिक क्षति संभावित है। इन सब आरोपों को लेकर उन्हें 16 जनवरी को नोटिस जारी करके तीन दिनों के भीतर स्पष्टीकरण देने कहा गया था, लेकिन उनके द्वारा जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया। ऐसी स्थिति में उच्च कार्यालय के आदेश पर निलंबन की कार्रवाई की गई है।

Presented by:
Mr. Purushottam Sharma
&
D3 VENTURES

दिनांक: 23, 24, 25
एवं 26 जनवरी 2026

MY PROPERTY

आमंत्रण

# MY PROPERTY EXPO CHAMPA





23 से 26 जनवरी तक

## एक्सपो में बुकिंग कराने के लाभ

- स्पॉट बुकिंग पर 5 ग्राम गोल्ड कॉइन
- साल की सबसे बड़ी छूट
- 100% लोन सुविधा उपलब्ध
- 12 महीने की EMI माफ़
- प्रॉपर्टी पर ₹12K तक की मासिक आय
- सभी के लिए आकर्षक उपहार और लंच

स्थान: पं. गिरिजानंदन शिखर अपार्टमेंट्स,
परशुराम चौक, चांपा

समय – प्रातः 10:00 बजे से

साइट विजिट हेतु +91 95759-88889 पर संपर्क करे

## खबर संक्षेप

### पतंजलि योग समिति द्वारा निशुल्क योग शिविर का हुआ शुभारंभ



**जांजगीर-चांपा।** जिला महिला पतंजलि योग समिति जांजगीर द्वारा निलियम कॉलोनी जांजगीर में तीन दिवसीय निशुल्क योग शिविर का शुभारंभ सुश्री कांति यादव प्राचार्य शासकीय हाई स्कूल सिवनी के मुख्य आतिथ्य ,श्रीमती मनीषा गोपाल जिला योग महिला प्रभारी जांजगीर की अध्यक्षता, श्रीमती चंद्र किरण सोनी, सरिता ठेठवार के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित हुआ। योग शिविर का संचालन श्रीमती चमेली साहू जिला महामंत्री पतंजलि योग समिति ने किया।योग से शरीर तो स्वस्थ रहता ही है। साथ में मन व चित्त प्रफुल्लित रहता है। उक्त उद्गार मुख्य अतिथि की आसंदी से प्राचार्य यादव ने व्यक्त की। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महिला जिला प्रभारी योग समिति श्रीमती मनीषा गोपाल ने कहा करे योग रहे निरोग, यह आयोजन पूरी तरह से निःशुल्क है 23 जनवरी को इस संबंध में और जानकारी प्रदान करने राज्य महिला प्रभारी सुश्री जया मिश्रा का आगमन हो रहा। जिनके द्वारा शारदा मंदिर परिसर में बैठक आयोजित की गई है।

### दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में 65वां स्थापना दिवसीय 23 को

**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर के हदय स्थल पर विराजित श्री दक्षिण मुखी हनुमान की स्थापना दिवस 23 जनवरी को मनाया जाएगा। बसंत पंचमी पर नैला निवासी गणेशीलाल गुलाब चन्द्र अग्रवाल के द्वारा आचार्य राम निवाश शर्मा व श्याम कुमार मिश्रा के आर्चायत्व में तीन दिवशीय पुजन कर हनुमान जी की स्थापना की गई थी। पं किरण कुमार मिश्रा दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर के पुजारी ने बताया कि हनुमान को स्थापना हुए 65 वर्ष पुर्ण हो गया है। हनुमान जी की सेवा कार्य में प्रथम पुजारीं श्यामकुमार मिश्रा ने एक वर्ष तक किया इसके बाद 10 वर्ष तक श्रीवंशी उपाघ्याय जी हनुमान जी की सेवा किऐ 1970 में अरुण कुमार मिश्रा किरण कुमार मिश्रा ने मंदिर का कार्य भार ग्रहण कर 1973 तक हनुमानजी की सेवा बडे भ्राता अरुण कुमार मिश्रा ने हनुमान सेवा की उनके र्स्वगारोहण के बाद हनुमान जी की 54वर्ष से किरण कुमार मिश्रा के द्वारा सेवा की जा रही है। शनिवार 23 जनवरी को वसंत पचमी पर श्री दक्षिण मुखी हनुमानजी की 65 वां स्थापना दिवश मनाया जाएगा। प्रातकाल मंदिर के शिखर पर घ्वजारोहण 8 बजे हनुमान जी का विषेश पुजन शाम 4 बजे हनुमान को खीर प्रसाद अर्पण कर वितरण किया जाएगा। 6:30 बजे सेन्दुराभिषेक 7 बजे हनुमान महाआरती आतिशबाजी के साथ किया जाएगा 8बजे से रामचरित मानस का गायन हनुमत भक्तों द्वारा किया जाएगा।

### वार्षिकोत्सव से विद्यार्थियों को मानसिक थकान से मिलती है राहत – दीवान



**अकलतरा।** गौरव ग्राम कटनई स्थित स्व. जी.डी. दीवान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में वार्षिकोत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सतीश दीवान ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्षभर की पढ़ाई-लिखाई के बाद परीक्षा पूर्व आयोजित होने वाला वार्षिकोत्सव विद्यार्थियों को मानसिक थकान से मुक्ति दिलाने का कार्य करता है। सुवा, करमा, लोहड़ी, बिहू जैसे लोकनृत्यों को विभिन्न पारंपरिक वेश-भूषा में प्रस्तुत कर विद्यार्थियों ने खूब प्रशंसा बटोरी। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं प्राचार्य टी आर कश्यप द्वय द्वारा सरस्वती पूजन से हुआ। संचालन व्याख्याता पद्मा पटेल ने किया एवं आभार प्रदर्शन पुष्पा उइके द्वारा किया गया। पूर्व प्राचार्य एम.एल. कश्यप, जनभागीदारी समिति अध्यक्ष चंद्रिका कश्यप, नरेश कश्यप, वेदराम, खोजराम साहू, सरपंच श्री मार्बल, व्याख्याता आरके मार्बल ,जीपी पाटले, उमाशंकर मरकाम ,पदमा पटेल ,ओपी पाटले, अनिल इंगले, सुमनलता धीरही, पार्वती साहू, स्वर्णा तिवारी , कमलेंद्र कुमार उपस्थित रहे।

### देवरीमठ में दंगल कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 27 से

**बिर्रा।** ग्राम देवरीमठ (करही) में दंगल कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 27 जनवरी को रखा गया है। कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 450 रुपए प्रवेश शुल्क रखा गया है। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 15 हजार एवं दूसरा पुरस्कार 8 हजार, तीसरा पुरस्कार 4 हजार और चौथा 2000 रखा गया है। यह कबड्डी प्रतियोगिता लगातार तीन दिनों तक चलेगा। जिसका समापन 29 जनवरी को होगा ।

## निधन

### अब्दुल रशीद अशरफी



**चांपा।** स्थानीय मुस्लिम समाज के प्रतिष्ठित नागरिक तथा रजा फ्रूट कंपनी के संचालक कोरबा रोड निवासी हाजी अब्दुल रशीद अशरफी का मंगलवार 20 जनवरी को इंतकाल हो गया। वे 75 वर्ष के थे। स्व. रशीद अशरफी अपने पीछे पत्नी समेत तीन पुत्रों एवं दो पुत्रियों का भरापूरा परिवार छोड़ गए। उनका जनाजा बुधवार 21 जनवरी को दोपहर 12 बजे निवास से निकला और उन्हें दोपहर 2 बजे महादेव घाट स्थित मुस्लिम कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक किया गया। जहां बडी संख्या में परिजन और समाज के लोग मौजूद थे।

## माघी मेले को लेकर नगर पंचायत ने जारी किए निर्देश

# मांस मछली और अंडे की बिक्री प्रतिबंधित, प्लास्टिक डिस्पोजल के इस्तेमाल पर होगी सख्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण



नगर के माघी मेले में इस वर्ष मांस, मछली और अंडा की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया हैं।इसके साथ प्लास्टिक डिस्पोजल के उपयोग पर भी रोक लगाई गई हैं।मेला में आए दुकानदार यदि प्रतिबंधित चीजों का उपयोग करते पाए गए तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

ज्ञात हो कि माघी मेले को लेकर नगर पंचायत शिवरीनारायण ने दुकानदारों के लिए दिशानिर्देश जारी किए हैं। मेला में दुकान लगाने वाले दुकानदारों से आवेदन पत्र के साथ स्व घोषणा पत्र भरवाया जा रहा हैं। जिसमें मेला में आए दुकानों में प्लास्टिक डिस्पोजल का इस्तेमाल न हो इसके लिए नगर पंचायत की टीम लगातार मॉनिटरिंग भी करेगी। प्रतिबंधित प्लास्टिक डिस्पोजल का इस्तेमाल करने वाले दुकानदारों पर जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी। पूरे जिले में आयोजित होने वाले मेलो में नगर का यह माघी मेला अपनी अलग पहचान बनाएगा। मेले के दिशा निर्देशों के संबंध में नगर पंचायत अध्यक्ष राहुल थवाईत ने बताया कि नगर के मेला ग्राउंड में इस वर्ष 1 फरवरी से शुरू हो रहे माघी मेला में मांस,मछली और अंडा आदि को प्रतिबंधित किया हैं। धार्मिक नगरी की महत्ता हो देखते हुए यह निर्णय लिया गया हैं। इस निर्णय को परिषद में पास किया जा चुका हैं। प्रतिबंधित चीजों की बिक्री करने वाले दुकानदारों पर नगर पंचायत के कर्मचारी सख्त कार्रवाई करेंगे। मेले में प्लास्टिक डिस्पोजल के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाया गया हैं। पूरे माघी मेले प्लास्टिक डिस्पोजल मुक्त रखने की मुहिम है। मेला में आने वाले दुकानदारों को भी इसकी सूचना दी जा रही हैं।ताकि पर्यावरण की सुरक्षा की जा सके। प्लास्टिक मुक्त मेले की मुहिम में दुकानदारों का सहयोग मिलेगा।इसके लिए आवेदन पत्र के साथ स्व घोषणा पत्र भरवाया जा रहा हैं। पंचायत के अधिकारी और कर्मचारी लगातार मेले को प्लास्टिक मुक्त रखने को मुहिम में लगाया जाएगा, जो भी दुकानदार प्लास्टिक का इस्तेमाल करते पाया जाता हैं या कचरे को सड़क में फेंकते मिलता हैं उसके खिलाफ प्लास्टिक को जप्त कर जुर्माने की कार्रवाई की जाएगी। नियमों को नहीं मानने वाले दुकानदार स्वयं जुर्माना के रूप में पांच हजार नगर पंचायत में जमा करेंगे। मेले को प्लास्टिक से मुक्त रखने के लिए अध्यक्ष राहुल थवाईत एवं सीएमओ कन्हैया लाल निर्मलकर ने स्वच्छता कमांडो टीम का गठन किया है। स्वच्छता कमांडो की टीम लगातार मेले में मॉनिटरिंग करेगी। जुर्माने के डर से दुकानदार भी प्लास्टिक का इस्तेमाल नहीं करेंगे। मेले को प्लास्टिक मुक्त रखने में स्वच्छता कमांडो की महती भूमिका रहेगी।ये कमांडो सुबह से रात तक मेला परिसर में अपनी ड्यूटी निभाते दिखाई पड़ जाएंगे। मेले में आए दुकानदार भी प्रतिबंधित चीजों का इस्तेमाल नहीं करेंगे। नगर का पंद्रह दिवसीय माघी मेला प्लास्टिक मुक्त मेले की परिकल्पना को साकार करेगा।दुकानों से सुबह शाम डोर टू डोर कचरा कलेक्शन का होगा काममेले को स्वच्छ रखने के लिए नगर पंचायत द्वारा दुकानों से सुबह शाम डोर टू डोर कचरा कलेक्शन जाएगा।कचरे का उचित निष्पादन होने से मेला परिसर में चारों ओर स्वच्छता बनी रहेगी। मेले को स्वच्छ रखने की इस मुहिम में सभी दुकानदार भी जिम्मेवारी निभाएंगे। मेले में कचरा फैलाने वाले दुकानदारों पर जुर्माने की कार्रवाई भी की जाएगी। ताकि मेला परिसर के आसपास साफ सफाई व्यवस्था बनी रहे।

#### होगी सख्त कार्रवाई

माघी मेले में मांस, मछली और अंडा की बिक्री पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगी। मेले में प्लास्टिक डिस्पोजल के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाया गया हैं। प्रतिबंधित चीजों की बिक्री एवं उपयोग करते पाए जाने पर सख्त कार्रवाई होगी।

-राहुल थवाईत,
अध्यक्ष न.प. शिवरीनारायण

# बदहाली के दौर से गुजर रहे जिले के अधिकांश तालाब

## कागजों में ही सिमटकर रह गई साफ-सफाई के लिए बनाई समिति

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



अविभाजित जांजगीर चांपा व सक्ती जिले के अधिकांश तालाब बदहाली के दौर से गुजर रहे है। इनके संरक्षण व संवर्धन पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ग्राम पंचायत स्तर पर बनाई गई स्वच्छता समिति महज कागजों में ही सिमटकर रह गई है।

गौरतलब है कि अविभाजित जांजगीर चांपा एवं सक्ती जिले में 653 ग्राम पंचायत एवं 920 राजस्व गांव की संख्या है, वहीं 7652 तालाबों है। इनमें 4457 शासकीय तो वही 2986 निजी तालाब है, लेकिन आधुनिकता के इस दौर में तालाबों का संवर्धन एवं संरक्षण नहीं हो पा रहा है, जिसके कारण अधिकांश तालाब इन दिनों अस्तित्व संकट की समस्या से जूझ रहे हैं। आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के लिए निस्तारी का प्रमुख संसाधन तालाब ही है, लेकिन तालाबों की साफ सफाई नहीं होने से अधिकांश तालाब जलकुंभी एवं कचरे से अटा पड़ा है। ग्राम पंचायतों में तालाबों के रखरखाव एवं साफ सफाई के लिए बनाई गई समिति महज कागजों में ही सिमट कर रह जाती है। पहले जहां ग्रामीण क्षेत्रों में धान सहित अन्य फसलों के लिए तालाबों के माध्यम से ही पानी पहुंचाया जाता था, लेकिन आधुनिकता के इस दौर में तालाबों का उपयोग खेती-बाड़ी के लिए पहले की अपेक्षा अब कम होने लगा है। पहले 70 से 150 हेक्टेयर जमीन पर सिंचाई तालाबों के माध्यम से ही होती थी, लेकिन अब समय में परिवर्तन होने के साथ ज्यादातर सिंचाई नहर के माध्यम से होती है। हर साल गर्मी के दिनों में जल संकट की समस्या रहती है वही गांव के तालाबों का जलस्तर भी कम होने लगता है। ऐसे में पेयजल की समस्या भी मवेशियों के लिए होती है। इसके अलावा जल संकट के कारण ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले रहने वाले लोगों को कपड़े धोने स्नान एवं पेयजल के लिए भी जूझना पड़ता है। जांजगीर-चांपा जिले में सबसे अधिक तालाब नगर पंचायत खरौद में है। अकलतरा विकासखंड के नगर पंचायत नरियरा का रामसागर तालाब 100 एकड़ क्षेत्रफल में फैला हुआ है। इसके बाद चांपा शहर का राम बांध का तालाब भी तकरीबन 85 एकड़ से अधिक क्षेत्रफल में फैला हुआ है। शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में देखा जाए तो आधुनिकता के इस दौर में लोग तालाबों का उपयोग भी कम कर रहे हैं, जबकि पूर्व के समय में संसाधनों की समस्या थी जिसके कारण स्नान के लिए तालाब का का ही ज्यादातर लोग उपयोग करते थे। यही वजह है कि तालाबों की साफ-सफाई नियमित तौर पर नहीं हो पा रही है।

# समाज में संतों, गुरूओं व महापुरुषों की विचारधारा को सहेजे रखने की आवश्यकता - महंत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती



ग्राम डोंड़की में प्रसिद्ध सतनाम महामहोत्सव एवं पंथी नाच प्रतियोगिता मंगलवार 20 जनवरी को शुरू हुई। यह भक्तिमय 20 से 22 जनवरी तक चलेगी। छत्तीसगढ़ नेता प्रति पक्ष व स्थानीय सक्ती विधायक डॉ चरणदास महंत ने बाबा गुरू घासीदास के जैतखाम पर पूजा-अर्चना कर इस आयोजन का औपचारिक शुभारंभ किया।

इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष व सक्ती विधायक डॉ चरणदास महंत ने कहा हमारे छत्तीसगढ़ प्रदेश के बिलासपुर में गुरू बाबा घासीदास के नाम पर विश्वविद्यालय की स्थापना होने के बाद से जनसाधारण में बाबा गुरू घासीदास के बारे में जानने व समझने की ललक ज्यादा बढ़ी। इस मौके पर डॉ महंत ने छत्तीसगढ़ प्रदेश में बाबा गुरू घासीदास के नाम पर विश्वविद्यालय की स्थापना करने के लिए मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. अर्जुनसिंह का आभार व्यक्त किया। डॉ महंत ने इस मौके पर गुरू घासीदास बाबा के साथ महान संत कबीर साहेब को भी याद करते हुए दोनों संतों के विचारों को एक बताया। अध्यक्षता कर रहे जिला प्रतिनिधि ठा गुलजार सिंह ने डोंड़की- भांठापारा में पारिवारिक व प्रेम व भाईचारे के माहौल में कार्यक्रम के लंबे समय से आयोजन के लिए सत्यम झंकार पंथी पार्टी सहित डोंड़की-भांठापारा ग्राम वासियों को शुभकामनाएं दी। विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी श्रीमती रश्मि गबेल ने कहा हम सबने पंथी नृत्य के जनक के रूप में स्व देवदास बंजारे को याद करते हुए कहा कि उन्होंने पंथी नृत्य को छत्तीसगढ़ की धरती से बाहर निकालते हुए राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय स्तर पर पहुंचाया उनके बारे में हम सबने पढ़ा व सुना है। डोंड़की गांव से सत्यम झंकार पंथी पार्टी भी बहुत लंबे समय से बाबा गुरू घासीदास के सतनाम विचारधारा को जनसाधारण तक पहुंचाने का कर रही है। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# उन्नति के तहत रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण से बन रहे हैं आत्मनिर्भर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मालखरौदा

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के अंतर्गत प्रोजेक्ट उन्नति के तहत 60 दिनों से अधिक कार्य कर चुके मनरेगा श्रमिकों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से विशेष प्रशिक्षण 2 जनवरी से 3 फरवरी तक दिया जा रहा है।

#### खास बात

- जनपद पंचायत के 25 श्रमिकों को रूरल मेसन बनने के दिया जा रहा प्रशिक्षण



प्रशिक्षण प्राप्त करते बेरोजगार युवा।

जनपद पंचायत के 25 श्रमिकों को रूरल मेसन (राजमिस्त्री) का प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इसके साथ ही जिले के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान आर-सेट्टी द्वारा निःशुल्क आवासीय सुविधा के साथ आयोजित किए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य कौशल विकास, उद्यमिता और वित्तीय साक्षरता को बढ़ावादेना है। प्रशिक्षण प्राप्त श्रमिक प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास निर्माण में राजमिस्त्री के रूप में कार्य कर आय अर्जित कर सकेंगे और आगे स्वयं का रोजगार स्थापित कर आत्मनिर्भर बनेंगे। इस पहल से ग्रामीण क्षेत्रों में कुशल राजमिस्त्रियों की उपलब्धता बढ़ेगी। स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे तथा बेरोजगारी नियंत्रण में भी सहायता मिलेगी। मनरेगा श्रमिकों को तकनीकी दक्षता प्रदान कर उन्हें स्वावलंबन की ओर अग्रसर करना ही इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य है।

बिजनेस साईट

# चांपा में माय प्रॉपर्टी एक्सप्रो का भव्य आगाज शर्मा और डीबी वेंचर्स की बड़ी पेशकश

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

शहर के रियल एस्टेट क्षेत्र में एक नया इतिहास रचने के लिए शपुरुषोत्तम शर्मा एवं डीबी वेंचर्स द्वारा आगामी 23 से 26 जनवरी तक एक विशाल माय प्रॉपर्टी एक्सप्रो का आयोजन किया जा रहा है। इस चार दिवसीय प्रदर्शनी में जांजगीर-चांपा जिले के सभी निवासियों को आमंत्रित किया गया है, जहां एक ही छत के नीचे सपनों का घर और निवेश के बेहतरीन अवसर मिलेंगे। आगंतुकों के लिए विशेष सुविधा और उपहार भी दिया जाएगा।

आयोजकों ने बताया कि एक्सपो में आने वाले हर विज़टिर का स्वागत निश्चित उपहारों से किया जाएगा। साथ ही आगंतुकों की सुविधा का ख्याल रखते हुए पूरे दिन मुफ्त लंच और स्नैक्स की व्यवस्था की गई है। बुकिंग पर सोने का सिक्का और भारी छूटइस एक्सपो का मुख्य आकर्षण ऑन-स्पॉट बुकिंग है, जिसके तहत ग्राहक को तुरंत 5 ग्राम सोने का सिक्का उपहार स्वरूप दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, सभी प्रॉपर्टीज पर भारी डिस्काउंट की घोषणा की गई है, जिससे मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए घर खरीदना बेहद किफायती हो जाएगा। आसान किस्तों और आय का अनोखा विकल्पग्राहकों को वित्तीय राहत देते हुए डीबी वेंचर्स 100 प्रतिशत फाइनेंस सुविधा और 12 महीने तक कोई ईएमआई नही जैसा धमाकेदार ऑफर दे रहा है। इतना ही नहीं, कुछ चुनिंदा प्रॉपर्टीज पर निवेश करने वाले ग्राहकों को 12 हजार रुपए रुपये की मासिक आय की गारंटी भी दी जा रही है।ज िलेवासियों में उत्साहगणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित इस मेगा इवेंट को लेकर पूरे जांजगीर-चांपा जिले में भारी उत्साह देखा जा रहा है। यदि आप भी अपने भविष्य के लिए सही निवेश या घर की तलाश में हैं, तो 23 से 26 जनवरी के बीच चांपा में आयोजित इस एक्सपो में अवश्य पधारें। आयोजकों ने बताया कि एक्सपो में आने वाले हर विजीटर का स्वागत निश्चित उपहारों से किया जाएगा।

# अखंड नवधा रामायण में कथा सुनने पहुंचे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ तुस्मा



कथा सुनने पहुंचे श्रद्धालु।

तुस्मा के शबरी डेरा में आयोजित श्री अखंड नवधा रामायण समारोह के चतुर्थ दिवस संध्याकालीन आरती के अवसर पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। लगातार तीसरे वर्ष आयोजित हो रहे इस धार्मिक आयोजन ने पूरे क्षेत्र को भक्ति के रंग में रंग दिया है।

सुबह से लेकर देर रात्रि तक भजन-कीर्तन और राम नाम की गूंज से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय बना हुआ है। समारोह के चौथे दिन की संध्याकालीन आरती विशेष आकर्षण का केंद्र रही। जैसे ही आरती का समय निकट आया,शबरी डेरा परिसर श्रद्धालुओं से खचाखच भर गया। ग्राम तुस्मा शबरी डेरा में यह अखंड नवधा रामायण समारोह लगातार तीसरे वर्ष आयोजित किया जा रहा है। दिनभर भजन-कीर्तन की मधुर ध्वनि से वातावरण भक्तिमय बना रहता है। मानस मंडलियों द्वारा प्रस्तुत रामकथा, चौपाइयां और भक्ति गीत श्रोताओं को भावविभोर कर रहे हैं। इस आयोजन की एक खास बात यह है कि दूर-दराज के क्षेत्रों से एक से बढ़कर एक मानस मंडलियां यहां गायन करने पहुंच रही हैं। विभिन्न मंडलियों द्वारा प्रस्तुत संगीतमय रामायण पाठ भजन और कीर्तन ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया है। श्रोतागण भक्ति गीतों की लय पर झूमते हुए भगवान श्रीराम की भक्ति में डूबे नजर आए। चतुर्थ दिवस के सफल आयोजन के बाद श्रद्धालुओं में आगामी दिनों के कार्यक्रमों को लेकर भी खासा उत्साह है। आयोजकों के अनुसार आने वाले दिनों में और भी प्रतिष्ठित मानस मंडलियों का आगमन होगा।

### भाजपा मण्डल अध्यक्ष विश्वनाथ ने कार्यकारिणी की घोषणा

**मुलमुला।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव के निर्देशानुसार, प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय के मार्गदर्शन में एवं भाजपा जिलाध्यक्ष अम्बेश जांगड़े की अनुशंसा से भाजपा मण्डल मुलमुला के अध्यक्ष विश्वनाथ प्रताप यादव ने मण्डल कार्यकारिणी की घोषणा की है। विश्वनाथ प्रताप यादव ने नवनियुक्त कार्यकारिणी को बधाई देते हुए बताया कि मण्डल उपाध्यक्ष द्वारिका वर्मा, रामपुकार कश्यप, इंदु बंजारे, बसंत साहू, महामंत्री कौशल जोशी, किरण कुम्भकार, मण्डल मंत्री, सविता पटेल, प्रहलाद साहू, आनंद कंद सिंह, साखीराम कश्यप, मण्डल कोषाध्यक्ष धनजीत कुमार सिंह, सहकोषाध्यक्ष ननकी सोनी, कार्यालय मंत्री संतोष साहू, प्रचार प्रसार मंत्री हिरौंदी राय, मीडिया प्रभारी हरीश साहू, सोशल मीडिया प्रभारी विवेक जोगी बनाया गया है। कार्यकारिणी सदस्य के रूप रामदत्त तिवारी, मुनिराम साहू, यशवंत सिंह, लक्ष्मीनारायण कश्यप, उतरा साहू, रामरतन पटेल, यदुराई सिंह, चंदराम पटेल, जेठूराम जांगड़े आदि को शामिल किया गया है। भाजपा मण्डल मुलमुला के अध्यक्ष विश्वनाथ प्रताप यादव ने मण्डल कार्यकारिणी की घोषणा की है।

## शासकीय, अशासकीय व सार्वजनिक संस्थानों में चलेगा 5 दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम

# शिकायत मिलने पर 90 दिवस के भीतर कार्रवाई होना अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती



भारत सरकार एवं सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार जिला कलेक्टर अमृत विकास तोपनो एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी सुधाकर बोदले के नेतृत्व में महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम 2013 के अंतर्गत सभी शासकीय, अशासकीय, सार्वजनिक संस्थानों व स्थलों में 5 दिवसीय जनजागरुकता कार्यक्रम चलाया है।

इसी क्रम में तीसरे दिन महिला समूह के साथ जनजागरुकता कार्यक्रम में कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष अधिनियम 2013 के अंतर्गत सभी प्रकार की जानकारी हासिल की। कार्यक्रम में पोश एक्ट 2013 विशाखा गाइडलाइन के अनुसार आधारित है। जिसमें हर शासकीय व अशासकीय कार्यालय में जहां 10 या 10 से अधिक कर्मचारी कार्यरत है, वहां सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार आंतरिक समिति गठित किया जाना है और शी बॉक्स पोर्टल में ऑनलाइन एंट्री करना अनिवार्य है। अधिनियम का उल्लंघन करने पर 50 हजार रुपया जुर्माने का प्रावधान है। समिति गठित होने पर समिति का क्रियान्वयन हेतु समिति के अध्यक्ष महिला ही हो ये सुनिश्चित करें। समिति में 50 प्रतिशत महिला होनी चाहिए। समिति के अधिकार अगर किसी के द्वारा शिकायत प्राप्त होते है तो 90 दिवस के भीतर कार्यवाही करना अनिवार्य होगी। समिति आरोपी के लिए सेवा निलंबन, सेवा समाप्ति, स्थानांतरण एवं वेतन वृद्धि रोकने की अनुशंसा कर सकती है। इसके अलावा समिति को और भी प्रावधान दिए गए है। सतीश नेताम जेंडर विशेषज्ञ ने बताया कि पोश एक्ट 2013 कार्यस्थल पर महिलाओं को एक सुरक्षित वातावरण प्रदान करने में सहायक है। इस कार्यशाला का उद्देश्य आम नागरिकों को वित्तीय साक्षरता, बचत, निवेश, बजट प्रबंधन एवं डिजिटल लेन-देन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान करना था। कार्यशाला के दौरान सुरक्षित निवेश के विकल्प, वित्तीय धोखाधड़ी से बचाव तथा भविष्य की वित्तीय योजना के बारे में जानकारी दी गई।

